हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 379 / कुलसचिव कार्या. / 2020 दुर्ग, दिनांक : 21 / 12 / 2020

/ / सूचना / /

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय , दुर्ग के कुलगीत की रचना करने हेतु खुली स्पर्धा के आयोजन विषयक।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय , दुर्ग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत की रचना करने हेतु प्राध्यापकों, प्राचार्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, रचनाकारों, लेखकों, गीतकारों, संगीतकारों एवं अन्य समस्त संबंधित जनों से दिनांक 25.01.2021 तक लिखित रूप से प्रविष्टियां ऑनलाईन अथवा डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ये प्रविष्टियां निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय के ईमेल आई डी dsw@durguniversity.ac.in पर प्रेषित की जा सकती है। कुलगीत की रचना संबंधी विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

- हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलगीत निर्माण हेतु खुली स्पर्धा आयोजित की जायेगी। जिसमें गीतकार, गायक, कवि, रचनाकार, संगीतकार अथवा अन्य सामान्य व्यक्ति भी इस स्पर्धा में हिस्सा ले सकते हैं।
- इस स्पर्धा संबंधी प्रेस विज्ञप्ति विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई है। इसके अलावा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यों को भी इस संबंध में विस्तृत सूचना प्रेषित की जा रही है।
- प्राप्त होने वाले कुलगीत की प्रविष्टि संबंधी चयन हेतु दुर्ग विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जायेगा। इस समिति में कुलसचिव– सदस्य सचिव के रूप में तथा एक गायक, एक रचनाकार, एवं कार्यपरिषद् का एक सम्मानित सदस्य शामिल होंगे।
- उपरोक्त समिति को विश्वविद्यालय के कुलगीत निर्माण स्पर्धा के अंतर्गत प्राप्त होने वाली सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के चयन का सम्पूर्ण अधिकार होगा तथा कोई भी प्रविष्टि समिति द्वारा चयन हेतु उपयुक्त न पाये जाने पर इस स्पर्धा को निरस्त करने का अधिकार समिति को होगा।
- कुलगीत निर्माण स्पर्धा की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2021 रखी गई है।
- सर्वश्रेष्ठ चयनित प्रविष्टि के रचयिता को विश्वविद्यालय द्वारा 11,000 रूपये (ग्यारह हजार) नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।
- उक्त कुलगीत की रचना हिन्दी भाषा करने हेतु प्रविष्टियां आंमत्रित की जाती है।
- कुलगीत सरल, सुबोध, कर्णप्रिय, मौलिक, अप्रकाशित एवं अप्रसारित होना चाहिए।
- कुलगीत में 12 से 16 पंक्तियां से ज्यादा न हों।

- कुलगीत छंद विधान की न्यूनतम मानकों की पूर्ति करता हों, तथा जिसे संगीतबद्ध किये जाने में कठिनाई न हों।
- कुलगीत में नवस्थापित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के उद्देश्य, विशेषता, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गरिमा, विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांचों जिलें–दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा एवं कबीरधाम की भौगोलिक विशेषताएं एवं महत्व का समावेश हों।
- कुलगीत से किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, समूह, राष्ट्रीय एकता, राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति विशेष को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए।
- कुलगीत चयन समिति द्वारा श्रेष्ठ प्रविष्टि के चयन के पश्चात् उसे संगीतबद्ध कराने का अधिकार माननीय कुलपति एवं सदस्य सचिव कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को होगा। इस कार्य हेतु वर्तमान समिति अथवा नई समिति के गठन कर कार्य संपादित किया जा सकता है।
- कुलगीत की प्रविष्टियों को विश्वविद्यालय के ईमेल ***dsw@durguniversity.ac.in*** पर सॉफ्ट कापी अथवा कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के नाम से डाक द्वारा हार्ड कॉपी के रूप मे आमंत्रित किया जा सकता है।
- कुलगीत निर्माण संबंधी सूचना एवं दिशा निर्देशों को दुर्ग विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

डॉ. सी. एल. देवांगन
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग